वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 21 अक्तूबर 2023

-: प्रेस विज्ञप्ति: -

अभाविप के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियां परिवर्तित, दिल्ली में अब 7-10 दिसंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय अधिवेशन।

शिक्षा, समसामयिक, सामाजिक व राष्ट्रीय परिदृश्य, पर्यावरण आदि विषयों पर अभाविप राष्ट्रीय अधिवेशन में चर्चा के लिए जुटेंगे देशभर के युवा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दिल्ली में आयोजित होने जा रहे 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में अब 7 दिसंबर से 10 दिसंबर, 2023 के मध्य आयोजित होगा। पहले अभाविप का राष्ट्रीय अधिवेशन 30 नवंबर 2023 से 3 दिसंबर 2023 के मध्य प्रस्तावित था, 09 अक्टूबर को भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव आयोजित कराने की घोषणा हुई, इन पांच राज्यों के अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करते हुए मताधिकार प्रयोग सुनिश्चित करने आदि विषयों पर विचार करते हुए अभाविप नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस 'अमृत महोत्सवी वर्ष' राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के साथ प्राध्यापक कार्यकर्ता तथा शिक्षाविद् भी सहभागिता करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 75वें वर्ष का यह 'अमृत महोत्सवी राष्ट्रीय अधिवेशन' देशभर के युवाओं की उपस्थिति, संवाद के विषयों की विविधता सहित विभिन्न पक्षों में विशिष्ट है।

अभाविप के 7-10 दिसंबर, 2023 के बीच आयोजित होने जा रहे इस अधिवेशन में शिक्षा, पर्यावरण, खेल, कला, समसामयिक विषयों पर अधिवेशन में भाग ले रहे प्रतिनिधियों द्वारा व्यापक चर्चा के उपरांत व्यवहारिक धरातल पर परिवर्तन निमित्त कार्ययोजना तय होगी। साथ ही अभाविप की संगठनात्मक यात्रा के विविध पक्षों पर प्रमुखता से विचार होगा।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "अभाविप के दिल्ली राष्ट्रीय अधिवेशन में जिन बिंदुओं पर चर्चा होनी है, उसके लिए हमने देशभर के विद्यार्थियों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय अधिवेशन का यह आयोजन दिल्ली में देशभर से आए विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ की भांति होगा, देश की विविधता का सुंदर दर्शन इस आयोजन का विशिष्ट पक्ष है। दिल्ली में अधिवेशन निमित्त तैयारियां शुरू हो गई हैं, अभाविप इस अधिवेशन द्वारा युवाओं के विषयों पर विमर्श से वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप नए दिशा सूत्रों से परिवर्तन हेतु आशान्वित है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गई है।)